पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

## 10 हजार रूपये की बोनस परिवहन निगम के चालको/परिचालकों को मिला

## मा0 परिवहन मंत्री ने मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया और दिया धन्यवाद

## चालकों/परिचालकों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत बनेगा– दयाशंकर सिंह

**लखनऊ : 08 जुलाई, 2025**

महाकुंभ– 2025 में ड्यूटी करने वाले परिवहन निगम के चालकों/ परिचालकों को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषित ₹10000 बोनस की राशि प्रदान कर दी गई। कुल 24071 चालकों/परिचालकों को ₹10000 की धनराशि उनके खाते में भेजी गई है। कुल 24 करोड़ 71 लाख की राशि प्रदेश सरकार ने परिवहन निगम के चालकों परिचालकों को प्रदान किया। इसमें 11786 चालक एवं 12285 परिचालकों सहित कुल 24071 कर्मी सम्मिलित हैं।

यह जानकारी देते हुए माननीय परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवहन निगम के चालकों/परिचालकों के उत्साहवर्धन के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। इससे प्रेरणा लेकर आने वाले समय में हमारे चालक/ परिचालक और बेहतर सुविधाएं जनता को मुहैया कराएंगे।

परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुंभ – 2025 में सभी 19 क्षेत्रों से चालकों/परिचालकों की ड्यूटी लगाई गई थी। आगरा क्षेत्र से कुल 1385, गाजियाबाद से 1469, मेरठ से 1413, सहारनपुर से 994, अलीगढ़ से 1284, मुरादाबाद से 1358,बरेली से 1149, हरदोई से 1803, इटावा से 1235, कानपुर से 1387, झांसी से 574,लखनऊ से 2162, अयोध्या से 725,प्रयागराज से 1522,आजमगढ़ से 1163, गोरखपुर से 1424, वाराणसी से 1116, चित्रकूट से 927,एवं देवीपाटन मंडल से 981 चालकों परिचालकों की ड्यूटी लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि सभी चालकों/परिचालकों ने पूरी लगन, ईमानदारी एवं तत्परता से कार्य करते हुए महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य से लाने एवं उनके गंतव्य तक सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से पहुंचाने का कार्य किया। इतना बड़ा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, इसका श्रेय उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को है। जिनके कुशल नेतृत्व, प्रबंधन एवं मार्गदर्शन के कारण लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

---

**सम्पर्क सूत्र**– आशीष सिंह

**वैशाली माथुर/04:00 PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in